2118

श्री/सतर्कता
21/8/14

प्रति,

श्रीमान् लोक सूचना अधिकारी
पावर ग्रिड कार्पोरशन ऑफ इंडिया लिमि0
सौदामिनी प्लाट नं 2, सेक्टर 29, गुड़गांव, हरियाणा

विषय—लोक सूचना अधिनियम 2005 के तहत अनियमितताओं की जानकारी उपलब्ध कराने के संबंध में आवेदन।

महोदय,

उपरोक्त विषयांकित निवेदन है कि निम्नलिखित बिन्दुओं द्वारा सारगर्भित जानकारी उपलब्ध कराने हेतु बिन्दु :—

1. पावर ग्रिड की स्थापना कब हुई थी। उस समय कितने उपकेन्द्र एवं लाइने थी उस समय के संबंधित उपकेन्द्र प्रभारी कौन थे? नाम बताइये।
2. पावर ग्रिड कार्पोरेशन इंडिया लिमिटेड भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के तहत लाइनों एवं उपकेन्द्रों का निर्माण करता है। स्पष्ट व प्रमाण दें।
3. पावर ग्रिड कार्पोरेशन इंडिया लिमिटेड भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के तहत किसानों को उपकेन्द्रों एवं लाइनों के निर्माण में मुआवजा वितरण करता है। उसकी गाइडलाइन व मंजूरी केन्द्र एवं राज्य सरकार की सत्यापित कापी उपलब्ध करावें?
4. पावर ग्रिड कार्पोरेशन इंडिया लिमिटेड उपकेन्द्रो एवं लाइन निर्माणों में किसानों / केन्द्र / राज्य सरकार की अराजी अधिग्रहित की गई है, उन किसानों /केन्द्र /राज्य सरकार की अराजी का इस्तहार जारी किया गया है। किन—किन समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया है/किसके आदेश से किया गया है और यदि नहीं किया गया तो क्यों? का विवरण प्रमाण सहित दें।
5. पावर ग्रिड कार्पोरेशन इंडिया लिमिटेड उपकेन्द्रों एवं लाइन निर्माणों में उपकेन्द्र /लाइन में आने वाली अराजी संख्या पटवारी हल्का ब्लाक तहसील जिला व राज्य तथा आनवाले क्षेत्र का नाम मुआवजा राशि तथा किसानों के रकवा विवरण स्पष्ट व चेकों की छायाप्रति उपलब्ध करावें।
6. पावर ग्रिड कार्पोरेशन इंडिया लिमिटेड केन्द्रीय कार्यालय, क्षेत्रीय मुख्यालय प्रभागी कार्यालय एवं संचरण पथ कार्यालयों में स्वीकृति पदों के नाम प्रमाण सहित विवरण दें।
7. पावर ग्रिड कार्पोरेशन इंडिया लिमिटेड में स्थान्तरण नीति क्या है? और यदि कर्माचारी और अधिकारी, पर्यवेक्षक के स्थान्तरण होते हैं स्थान्तरण हुए कर्मचारी अधकारी के बदले संबंधित की जगह दूसरा क्यों नहीं आता है, जहां पर स्थांतरण किया गया है वहां पर संबंधित पद स्वीकृत है का विवरण प्रमाण सहित विवरण दें।

8. पावर ग्रिड कार्पोरेशन इंडिया लिमिटेड केन्द्रीय कार्यालय, क्षेत्रीय मुख्यालय, प्रभागीय कार्यालय एवं संचरण पद कार्यालय में कौन सा कर्मचारी अधिकारी, पर्यवेक्षक, नियुक्ति दिनांक से आज दिनांक तक कौन कहां पर है नाम सहित विवरण दें।
9. पावर ग्रिड कार्पोरेशन इंडिया लिमिटेड में केन्द्रीय कार्यालय, क्षेत्रीय मुख्यालय, प्रभागीय कार्यालय में कर्मचारी/अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों के बच्चों के लिए वाहन लगे हुए हैं चालक एवं परिचालक के बिल बनाये जाते हैं लेकिन वाहन में परिचालक नहीं हैं जिससे बच्चों के साथ कभी भी हादसा होगा इसका जिम्मेदार कौन होगा?
10. पावर ग्रिड कार्पोरेशन इंडिया लिमिटेड संपूर्ण भारत में मानव संसाधन विभाग में प्रबंधक के कितने पद स्वीकृत हैं और कितने प्रबंधक हैं का विवरण प्रमाण सहित दें, तथा इंजीनियरों को मानव संसाधन में प्रभारी बनाकर यह अनियमितता किसके आदेश से की जा रही है का विवरण प्रमाण सहित दें।
11. पावर ग्रिड कार्पोरेशन इंडिया लिमिटेड अनपढों एवं चालकों, तकनीशिनों को कनिष्ठ अभियंता भारतीय संविधान के किस अधिनियत के तहत बनाया जाता है एवं इसके लिए केन्द्र एवं बोर्ड आफ डायरेक्टर का आदेश होता है प्रमाण सहित उपलब्ध करावें।

अतः आप से उपरोक्त बिन्दुओं द्वारा जानकारी चाही गई है इन बिन्दुओं में समझ और न समझ आपके विवेक के ऊपर है। बिन्दु क्रमांक 1 से 11 तक जानकारी बिन्दुवार दें। किसी भी प्रकार की हिलाहवाली अनियमितता को प्रेरित करेगी। मैं उम्मीद करता हूं कि देश की तरक्की व पारदर्शिता की चाही गई जानकारी उपलब्ध करावें।

''सधन्यवाद''

संलग्न : आई0पी0ओ0 क्र0 60C521491/92

दिनांक : 12.08.2014
स्थान: होशंगाबाद
मो. नं. – 08962551641

भवदीय

जे.पी. मिश्रा पत्रकार एवं
प्रदेशाध्यक्ष राष्ट्रीय जनसेना म0प्र0
C/o एल.पी. मिश्रा
ब्रम्ह कुमारी आश्रम के पास नारायण नगर
आई.टी.आई रोड होशंगाबाद म0प्र0